दिनांक 02, फरवरी, 2021

प्रेस विज्ञप्ति

नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ

नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ वैटलैण्ड दिवस दिनांक 02 फरवरी 2021 के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगितायें आयोजित की गयी। ये सभी प्रतियोगितायें वैटलैण्ड एंव पक्षियों पर आधारित थीं। इन प्रतियोगिताओं में पक्षियों पर आधारित क्विज प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, बर्ड स्केचिंग प्रतियोगिता, बर्ड फोटोग्राफी तथा बर्ड वाचिंग शामिल है।

बर्ड फोटोग्राफी तथा बर्ड वाचिंग प्रतियोगिता प्राणि उद्यान परिसर में आयोजित की गयी। इस प्रतियोगिता में कुल 205 प्रतियोगियों ने प्रतिभाग किया, इस प्रतियोगिता का आयोजन श्री अतुल हुन्डू द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि मो0 अहसन, सेवानिवृत्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक, उत्तर प्रदेश रहे। मो0 अहसन द्वारा कार्यक्रम का समापन करते हुए प्रतिभागियों को पक्षियों व वेटलैण्ड के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। प्राणि उद्यान द्वारा आयोजित आनलाइन प्रतियोगिताओं में बर्ड क्विज प्रतियोगिता में कुल 89 प्रतियोगियों ने प्रतिभाग किया, बर्ड स्लोगन प्रतियोगिता में कुल 92 प्रतियोगियों ने प्रतिभाग किया, पक्षियों से सम्बन्धित निबन्ध प्रतियोगिता में कुल 48 प्रतियोगियों ने प्रतिभाग किया तथा बर्ड स्कैचिंग प्रतियोगिता में कुल 100 प्रतियोगियों ने प्रतिभाग किया।

इन प्रतियोगिताओं में लखनऊ के साथ–साथ विभिन्न जनपदों एवं शहरों देश के कई राज्यों द्वारा प्रतिभाग किया। इनमें हरदोई, उन्नाव, सिंगरौली, मध्य प्रदेश, भुवनेश्वन, उड़ीसा, माधौगंज, भीमनगर, ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बर्ड फोटोग्राफी तथा बर्ड वाचिंग प्रतियोगिता में शहर के जाने–माने फोटोग्राफर्स ने भाग लिया एवं प्राणि उद्यान के पक्षियों की फोटो खींचे। पक्षियों के फोटो खींचते समय यह फोटोग्राफर्स अत्यन्त उत्साहित थे।

(–ह0–)
(आर0के0 सिंह,भा0व0से0)
निदेशक
प्राणि उद्यान, लखनऊ